कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय-बिहार, पंचदीप भवन,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना-800001
Tel: 0612-25211928, Fax: 0612-2533314
E-mail: rd-bihar@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in / www.esic.in

प्रेस विज्ञप्ति

एसिक स्थापना दिवस पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के तहत "नुक्कड़ नाटक" का आयोजन

पटना, 19/02/2024

आज दिनांक 19/**02/2024** को कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा एसिक स्थापना दिवस पखवाड़ा के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत पी. ऐंड एम. मौल, कुर्जी मोड़ एवं बैंकौस ऐंड कम्पनी, इडस्ट्रियल एरिया, पटना के परिसर में अलग-अलग दो नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. यह नुक्कड़ नाटक संजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक के निर्देशो के अनुसार तैयार किया गया तथा केशव कुमार झा, उप निदेशक के देख-रेख में कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत की गयी. इस नुक्कड़ नाटक में अभिनय के माध्यम से ESIC के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं उसकी प्रक्रिया के बारे में बीमित व्यक्तियों को विस्तारपूर्वक बताया गया. दोनों केंद्रों पर दर्शकों एवं बीमित व्यक्तियों ने नाटक को रुचि लेकर ध्यानपूर्वक देखा और समझा.

इन दोनों नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति में अनिल कुमार, क्षेत्रीय निदेशक के निजी सचिव, सुनीता कुमारी, अधीक्षक, अश्वनी कुमार, सहायक, हेमंत कुमार, उ. व. लिपिक, आकांक्षा प्रसाद, फर्मासिस्ट, राकेश कुमार, नि. व. लिपिक, क्षितिज प्रकाश, उ. व. लिपिक, राजकुमार साव, बहुकार्य कर्मचारी, मुकेश कुमार, नि. व. लिपिक, दिलीप कुमार झा, बहुकार्य कर्मचारी, सुरभि सुमन, उ. व. लिपिक, हर्षिता कुमारी, उ. व. लिपिक, मनीषा झा, उ. व. लिपिक, तरन्नुम कहकशा, बहुकार्य कर्मचारी, पंकज कुमार, सहायक एवं हर्ष श्रीवास्तव, उ. व. लिपिक ने भाग लिया.

इसी क्रम में कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आज पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में एक प्रेस मीट का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न मीडिया संस्थानों एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकार एवं मीडियाकर्मी उपस्थित हुए. इस कार्यक्रम में मीडियाकर्मियो के समक्ष एक पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिखाया गया, जिसमें कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा किये गये नई पहलों के संदर्भ में जानकारी दी गयी. मीडियाकर्मी बंधुओं ने ESIC के आधार सीडिंग, ऑन लाइन क्लेम, ई-पहचान का वितरण एवं सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियो के लिए चिकित्सा योजना की जानकारी साझा की गयी. इसके उपरांत संजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक एवं क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों, राज्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा मीडियाकर्मियो के द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब दिये गये. बिहार राज्य के अंतर्गत ESIC योजना से लाभांवित होनेवाले 4.2 लाख बीमितो में से केवल 50 हजार बीमितो का ही आधार सीडिंग अभी तक हो पाया है. जबकि शेष सभी 3.7 लाख बीमितो एवं उनके आश्रितों का आधार सीडिंग का कार्य ESIC की विशेष टीमों द्वारा किया

जा रहा है. बीमित व्यक्ति एवं नियोक्ता भी अपने स्तर से आधार सीडिंग का कार्य कर सकते हैं. जबकि ऐसी सूचना दी गयी कि आगे से सभी प्रकार के दावे ESIC द्वारा ऑन लाइन प्राप्त किए जाएंगे.

दिनांक 05/02/2024 से चल रहे विशेष सेवा पखवाड़ा का आज समापन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया. विशेष सेवा पखवाड़ा के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किये गये निष्पादनो एवम् प्रदर्शन के आधार पर सबसे अच्छा प्रदर्शन करनेवाले क्षेत्रीय कार्यालय को स्थापना दिवस दिनांक 24/02/2024 को माननीय मंत्री, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में पुरस्कार दिया जाएगा.

क्षेत्रीय निदेशक